भोंडसी जेल में कैदियों के लिए कौशल प्रशिक्षण केंद्र खुला

- **दो सालों में 5000 प्रशिक्षित प्लम्बर्स बनाने की योजना**
- **डायरेक्टर जनरल कारावास व सत्र न्यायाधीश गुरुग्राम ने किया उद्घाटन**
- **कैदियों ने सराहा, कहा जेल से निकलने के बाद संवर जाएगी जिंदगी**

भोंडसी जेल में कैदियों कोकौशल विकास प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए।

गुड़गांव, 25 जून (ब्यूरो): अग्रणी संपूर्ण बाथरूम एवं लाईटिंग सॉल्यूशंस ब्रांड, जक्वार ग्रुप 45 से अधिक देशों में मौजूद है। जक्वार ने आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के साथ साझेदारी में गुरुग्राम जिला जेल में आधुनिक कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन किया है। इस केंद्र का अनावरण के. सेल्वाराज, आईपीएस, डायरेक्टर जनरल कारावास (हरियाणा) व आरके सोंधी, डायरेक्टर एवं सत्र न्यायाधीश गुरुग्राम, जय किशन चिल्लर, जेल अधीक्षक, गुरुग्राम, राजेश मेहरा, डायरेक्टर एवं प्रमोटर, जक्वार ग्रुप, कंवर शमशेर रेलन, हेड, जक्वार फाउंडेशन एवं गुरुग्राम जेल प्रबंधन के अन्य प्रतिष्ठित सदस्यों के बीच किया गया। इस मौके पर कैदियों ने भी कार्यक्रम की सराहना की औऱ कहा कि जेल से निकलने के बाद उन्हे रोजी-रोटी की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा, उनकी तो यहां से निकलते ही जिंदगी बदल जाएगी। वहीं जक्वार ग्रुप ने प्लंबरों के प्रशिक्षण को अपना मुख्य उद्देश्य बनाया है और इसीलिए भारत में इसके पास प्लम्बर प्रशिक्षण केंद्रों का विस्तृत नेटवर्क है। विषाखापट्नम और राजामुंदरी जेल में इसके कौशल केंद्रों तथा गुरुग्राम जेल में इस केंद्र के बाद पुलवामा और गुवाहाटी में अतिरिक्त केंद्र खोले जाएंगे। इस कार्यक्रम द्वारा हर साल 100 से ज्यादा प्लंबर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा मॉक अभ्यासों द्वारा क्रियान्वयन सिखाया जाएगा। एक बैच में एक साथ 30 प्लंबर तीन माह का प्रशिक्षण पा सकेंगे। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इन प्रशिक्षुओं को एक टूल किट दी जाएगी और उनके लिए साप्ताहिक प्रशिक्षणों की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर राजेश मेहरा, डायरेक्टर एवं प्रमोटर, जक्वार ग्रुप ने कहा कि भारत में कौशल संपन्न कर्मियों की काफी कमी है और जक्वार ग्रुप पर हमने एक्सपर्ट कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा प्लंबर्स को प्रशिक्षित करने का बीड़ा उठाया है। इस कार्यक्रम से अब तक 1700 प्लंबर लाभान्वित हो चुके हैं और हमारी योजना में अगले दो सालों में 100 कौशल केंद्र शामिल हैं, जिनके द्वारा हम 5000 से ज्यादा प्लंबर्स को प्रशिक्षित करेंगे।''